देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 21.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।
- राज्य का कुमाऊं क्षेत्र महाराष्ट्र से जुड़ा, मुख्यमंत्री ने आज लालकुआं—बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- देहरादून में आयोजित स्वस्थ्य संगमम् में चिकित्सा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।
- राज्य के अत्यधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना।

विश्व शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है। एक निजी मीडिया आउटलेट द्वारा आयोजित विश्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रूप में एआई को मान्यता देता है, जबकि भारत एक दूसरा एआई—आकांक्षी भारत है।

श्री मोदी ने कहा कि जब विश्व अनिश्चितता में उलझा हुआ था, तब भारत आशा के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरकर सामने आया। कोविड—19, वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन और युद्ध जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक स्थितियां भी भारत को प्रभावित करती हैं।

लालकुंआ—बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन

राज्य का कुमाऊं क्षेत्र महाराष्ट्र राज्य से रेल सेवा के जरिए जुड़ गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह लालकुआं—बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेल सेवा शुरू होने से कैंची धाम, जागेश्वर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेल सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से आम लोगों को यात्रा करने में आसानी होगी।

इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से कुमाऊं क्षेत्र के लोगों की बहुत पुरानी मांग आज पूरी हो गई है।

उम्मीद की जा रही है कि लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन यात्रियों को आवाजाही में सुविधा देने के साथ ही राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगी। यह ट्रेन लालकुंआ से बांद्रा पहुंचने में चौबीस घंटे का समय लेगी।

<u>बर्ड फेस्टिवल</u>

मसूरी में आयोजित उत्तराखंड बर्ड फेस्टिवल में देश–विदेश से 170 पक्षी विशेषज्ञ बर्ड वॉचिंग के लिए ट्रेल पर गए। इस दौरान करीब 95 प्रजातियों के पक्षियों और 32 तितलियों की उपस्थिति दर्ज की गई। तीन दिन तक चले आठवें उत्तराखंड बर्ड फेस्टिवल में 22 विद्यालयों के 450 से अधिक छात्र–छात्राओं के बीच पेंटिंग, स्केचिंग और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<u>पुलिस स्मृति दिवस</u>

देहरादून पुलिस लाईन में आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने का जिम्मा पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों का होता है। पुलिस द्वारा राज्य में किए जा रहे बेहतर कार्यों की प्रशंसा करते हुए श्री धामी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य पुलिस ने कई चुनौतियों का सामना किया है। हर परिस्थिति में पुलिस ने अदम्य साहस, वीरता, विवेक का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की पुलिस शांति, समृद्धि का आधार स्तंभ है। उत्तराखंड में शांति और व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस की भूमिका अहम है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए नई तकनीक अपनाई जा रही है। साथ ही नशाखोरी पर लगाम कसने के लिए हमने प्रदेश में टास्क फोर्स बनाई गई है।

<u>स्वास्थ्य संगमम्</u>

देहरादून में आज स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्धि विषय पर केंद्रित उत्तराखण्ड स्वस्थ्य संगमम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना के तहत वक्ताओं ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से लेकर प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर चर्चा की।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, आर० के० सुधांशु ने कहा कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और समृद्धि को लेकर आयोजित उत्तराखण्ड स्वस्थ्य संगमम् महत्वपूर्ण है। प्राचीन उपचार पद्वतियों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में चिकित्सा सुविधा के साथ आयुष को भी महत्व देना आवश्यक है।

कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर. राजेश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में एएनएम को विशेष सुविधा दी जा रही है। साथ ही आशा कार्यकत्रियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंतिम कर्मचारी को भी व्यवस्थित चिकित्सा की सामान्य जानकारी देने का काम किया जा रहा है।

प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पाबौ में स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, महिलाओं को छह दिन का स्वरोगार प्रशिक्षण देगा। संस्थान के निदेशक के० एस रावत ने बताया कि सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 23 से 28 अक्टूबर तक महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से अधिक से अधिक संख्या प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की है।

हेल्थ प्रीमियर लीग

स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देहरादून में आयोजित "उत्तराखंड हेल्थ प्रीमियर लीग" क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मैच उत्तराखंड पॉवर कॉरपोरेश लिमिटेड (यूपीसीएल) ने जीता। विजेता टीम ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए "थोड़ा कम, तेल, चीनी और नमक" थीम पर मैच खेला। यूपीसीएल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सीएमओ किंग्स इलेवन को 28 रनों से हराया। उप विजेता सीएमओ किंग्स की टीम ने "शिशु को ओआरएस का घोल पिलाओ, डायरिया को दूर भगाओ" थीम पर मैच खेला। इस मौके पर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के सुरेश भट्ट ने कहा कि "स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आज के समय की मांग है, और इस प्रतियोगिता ने लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा तरीका प्रस्तुत किया है।

मौसम/बर्फबारी

राज्य के चार हज़ार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में आज और कल हल्की बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है।

दशैं–दीपावली

देहरादून में आयोजित गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव संपन्न हो गया। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कि कहा कि उत्तराखंड के गोर्खाली जनजातीय क्षेत्र की लोक संस्कृति और पहनावा आधुनिक दौर में भी कायम है, जो सशक्त परंपराओं को दर्शाती है। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कला और संस्कृति की झलक नज़र आई। नेपाल के प्रसिद्ध लोक गायकों ने गीत और संगीत से लोगों का खूब मनोरंजन किया।